भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2584

उत्तर देने की तारीख 09.03.2026

राष्ट्रीय संस्कृति कोष

2584. श्री दिलीप शइकीया :
श्री भरतसिहंजी शंकरजी डाभी :
डॉ. मन्ना लाल रावत :
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालू :
श्री दिनेशभाई मकवाणा :
श्री बलभद्र माझी :
श्री आलोक शर्मा :
श्री नव चरण माझी :
श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन :
श्रीमती कमलेश जांगड़े :
श्री राजकुमार चाहर :
श्री अनन्त नायक :
श्री जनार्दन मिश्रा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के माध्यम से सहायता-प्राप्त परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है और विशेषकर नबरंगपुर और क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों सहित संचित और जुटाई गई निधि तथा पूर्ण की गई परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-बार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त कोष के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) कार्यढांचे को मजबूत करने और कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योगदान सहित निजी क्षेत्र तथा सार्वजनिक संस्थानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है और उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुमोदित/कार्यान्वित ऐसी परियोजनाओं की संख्या कितनी है;

(ग) एनसीएफ द्वारा सहायता-प्राप्त पहलों ने देशभर में सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, संवर्धन और प्रसार में किस प्रकार योगदान दिया है और आंध्र प्रदेश तथा नबरंगपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में शुरू की गई विशिष्ट पहलों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या उक्त कोष की प्रभावशीलता, पारदर्शिता और परिणामों के संबंध में कोई समीक्षा या प्रभाव मूल्यांकन किया गया है और यदि हां, तो विशेषकर उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के संदर्भ में तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पूर्वोत्तर राज्यों, विशेषकर असम सहित विभिन्न राज्यों में उक्त कोष के तहत कोई परियोजना कार्यान्वित की जा रही है;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और वर्तमान स्थिति क्या है; और

(छ) क्या आंध्र प्रदेश के किसी विरासत स्थल को उक्त कोष के अंतर्गत सहायता के लिए प्रस्तावित या स्वीकृत किया गया है या वे विचाराधीन हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) (ड.) और (च): पिछले तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय संस्कृति कोष (एनसीएफ) के माध्यम से समर्थित परियोजनाओं की स्थिति के साथ-साथ कोष का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है। छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और पूर्वोत्तर राज्यों सहित विभिन्न राज्यों में परियोजनाएं लागू की गई हैं, जैसा कि **अनुलग्नक** में विवरण दिया गया है। प्रत्येक परियोजना की वर्तमान स्थिति (पूर्ण/चल रही) भी उसमें दर्शाई गई है।

(ख): उक्त कोष के तहत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) ढांचे को सुदृढ़ करने और सीएसआर योगदान सहित निजी क्षेत्र तथा सार्वजनिक संस्थानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. सार्वजनिक क्षेत्र तक पहुँच के लिए, एनसीएफ ने जनवरी, 2025 में लोक उद्यम विभाग के सहयोग से एक संगोष्ठी – "संस्कृति और विरासत में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसईएस) के लिए सीएसआर अवसर" का आयोजन किया।

ii. एनसीएफ ने संस्कृति और विरासत संरक्षण परियोजनाओं का समर्थन करने के अवसरों को उजागर करने और संभावित दाताओं के साथ जुड़ने के लिए अक्टूबर, 2025 में सीएसआर वार्षिक शिखर सम्मेलन में सहयोग किया।

iii. राष्ट्रीय संस्कृति कोष की वेबसाइट पर 250 से अधिक अभिज्ञात संरक्षण और सांस्कृतिक परियोजनाओं का विवरण दिया गया है ताकि कॉर्पोरेट और अन्य दाताओं द्वारा सक्रिय भागीदारी को सुगम बनाया जा सके।

नबरंगपुर और क्योंझर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में एनसीएफ-समर्थित कोई परियोजना नहीं है।

(ग): एनसीएफ द्वारा समर्थित पहलों ने पूरे देश में सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण, परिरक्षण और प्रचार-प्रसार में काफी योगदान दिया है क्योंकि यह संस्थानों और आम जनता को संस्कृति से जुड़े प्रयासों में योगदान देने में सक्षम बनाता है, जिससे सरकार के संसाधनों में वृद्धि होती है। एनसीएफ ने अपनी स्थापना से अब तक संस्कृति संबंधी प्रयासों के लिए लगभग 140 करोड़ रुपए की सीएसआर निधियों को जुटाया है।

एनसीएफ के अंतर्गत किसी विशेष राज्य या निर्वाचन क्षेत्र के लिए कोई विशिष्ट पहल नहीं हैं।

(घ): एनसीएफ परियोजनाओं की समय-समय पर समीक्षा के लिए एक परियोजना कार्यान्वयन समिति (पीआईसी) तंत्र का संचालन करता है, जिसमें दाताओं सहित सभी हितधारक भाग लेते हैं। एएसआई परियोजनाओं के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक की अध्यक्षता में और अन्य परियोजनाओं के लिए एनसीएफ/संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों की उपस्थिति में परियोजना कार्यान्वयन समिति (पीआईसी) की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं ताकि परियोजनाओं की प्रगति की निगरानी की जा सके और उनके सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित किया जा सके। इसके अलावा, एनसीएफ के खाते की प्रति वर्ष भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा लेखापरीक्षा की जाती है।

(ड.): भाग (क) के साथ उत्तर दिया गया है।

(च): भाग (क) के साथ उत्तर दिया गया है।

(छ): पिछले तीन वर्षों में आंध्र प्रदेश में एनसीएफ के माध्यम से कोई सीएसआर कोष प्राप्त या खर्च नहीं किया गया है। तथापि, संभावित/रुचि रखने वाले दाताओं के लिए राष्ट्रीय संस्कृति कोष की वेबसाइट पर आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश के 250 से अधिक अभिज्ञात संरक्षण और सांस्कृतिक परियोजनाओं का विवरण दिया गया है।

****

अनुलग्नक

'राष्ट्रीय संस्कृति कोष' के संबंध में दिनांक 09 मार्च, 2026 को पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न सं. 2584 के भाग (क), (ड.) और (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

क्र. सं.	राज्य	परियोजना का नाम	दाता	प्राप्त निधि (लाख रु. में)	प्रयुक्त निधि (लाख रु. में)	वर्तमान स्थिति
1	**असम**	असम के सिबसागर जिले में अहोम स्मारकों का समूह, रंग घर, करेंगघर -(गढ़गांव), तलतलघर – चेरावदेव में चार टीलों का समूह	तेल और प्राकृतिक गैस निगम	225.71	225.71	पूरा हो गया है
2	**बिहार**	पश्चिम चंपारण में लौरिया नंदनगढ़ चांकीगढ़ और रामपुरवा में बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं का विकास	सेल - बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल)	36.95	36.95	पूरा हो गया है
3	**छत्तीसगढ़**	देवबलोदा में राष्ट्रीय धरोहर स्थल का पुनर्निर्माण और विकास	सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र	124.90	124.90	प्रक्रियाधीन
4	**दिल्ली**	पुस्तक "जादू का इतिहास" का प्रकाशन और इसका आधुनिक दुनिया तक का सफर। प्रस्तावक – जादू कला ट्रस्ट	राष्ट्रीय संस्कृति कोष	8.00	8.00	पूरा हो गया है
5		सराय रोहिल्ला, दिल्ली में "बाढ़ की चौकी" का पुनर्स्थापन और संरक्षण। प्रस्तावक – दिल्ली पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड।	राष्ट्रीय संस्कृति कोष	14.63	14.63	पूरा हो गया है
6		सुनैना द्वारा शास्त्रीय, लोक और आदिवासी नृत्यों के माध्यम से 12 ज्योतिर्लिंगों की पौराणिक कहानियों को	राष्ट्रीय संस्कृति कोष	30.00	30.00	पूरा हो गया है

		उजागर करना				
7		जंतर-मंतर का संरक्षण, परिरक्षण और उन्नयन	एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड	9.71	9.71	पूरा हो गया है
8		एल-1 बैरक, लाल किला में आत्मनिर्भर भारत सेंटर डिज़ाइन (एबीसीडी) की स्थापना	भारतीय स्टेट बैंक	370.00	370.00	प्रक्रियाधीन
9	**गुजरात**	लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) परियोजना का विकास	राष्ट्रीय संस्कृति कोष	1500.00	1500.00	पूरा हो गया है
10	**हिमाचल प्रदेश**	हिडिंबा देवी मंदिर में पर्यटक सुविधाओं में सुधार।	यूको बैंक	9.73	9.73	पूरा हो गया है
11	**कर्नाटक**	कमालपुरा में एएसआई हम्पी संग्रहालय का डिजिटल उन्नयन	भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण	325.33	325.33	पूरा हो गया है
12		श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर नुग्गेहल्ली में संरक्षण कार्य और पर्यटक सुविधाएँ प्रदान करना,	श्रीमती नागरथन म्मा एन. (व्यक्तिगत दाता)	55.00	55.00	पूरा हो गया है
13		भारतीय सांस्कृतिक विरासत की नींव बनाने वाली 64 कलाओं (चतुषष्टि कला) का प्रामाणिक और गहन अध्ययन एवं प्रस्तुति।	राष्ट्रीय संस्कृति कोष	18.90	18.90	पूरा हो गया है
14		"16 संस्कारों पर एक व्यापक ग्रंथ" और भारत की 64 कलाओं का एक संक्षिप्त विश्वकोशीय संस्करण का प्रकाशित करना।	राष्ट्रीय संस्कृति कोष	7.12	7.12	पूरा हो गया है
15	**लेह, लद्दाख**	शे, लेह, लद्दाख के प्राचीन महल का संरक्षण	भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन	65.00	65.00	प्रक्रियाधीन

			निगम लिमिटेड			
16	**मध्य प्रदेश**	बटेश्वर, मोरेना में विष्णु मंदिर का संरक्षण और पुनर्स्थापन।	इन्फोसिस फाउंडेशन	200.00	200.00	पूरा हो गया है
17		सोमनाथ के मंदिर और बड़गांव के खंडहर में विकासात्मक कार्यकलाप	बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड	32.00	32.00	प्रक्रियाधीन
18	**महाराष्ट्र**	जोगेश्वरी गुफाओं में संरक्षण और पर्यटक सुविधाओं का विकास	आईआरबी होल्डिंग प्रा. लि.	122.50	122.50	प्रक्रियाधीन
19		विजयदुर्ग किले में सार्वजनिक शौचालय और पेयजल सुविधा का निर्माण / स्थापना।	शिपिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया	18.00	18.00	प्रक्रियाधीन
20	**ओडिशा**	सूर्य मंदिर, कोणार्क, जिला-पुरी में स्मार्ट टॉयलेट, बाल देखभाल कक्ष, वरिष्ठ नागरिकों के लिए विश्राम कक्ष जैसी सार्वजनिक सुविधाओं की प्रदायगी।	बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड	39.86	39.86	प्रक्रियाधीन
21	**राजस्थान**	पाँच दुर्लभ मौखिक परंपराओं कावड़/फड़/बहुरूपिया/कठपुतली/कुम्हारों की मोलेला कला का परिरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा: प्रस्तावक – रेख्ता फाउंडेशन	राष्ट्रीय संस्कृति कोष	41.00	41.00	पूरा हो गया है
22	**तमिलनाडु**	तंजावुर के बृहदीश्वर मंदिर के प्रहर दीवार और प्रवेश क्षेत्र के बाहरी हिस्से को प्रकाशमान करना।	बख्तरबंद वाहन निगम लिमिटेड	18.36	18.36	प्रक्रियाधीन
23	तेलंगाना	राष्ट्रपति निलयम में 120 फीट ऊँची ध्वजस्तंभ की	इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर	275.00	275.00	पूरा हो गया है

		प्रतिकृति का निष्पादन	फाइनेंस कंपनी लिमिटेड			
24	**उत्तर प्रदेश**	सारनाथ स्थल और संग्रहालय का उन्नयन	सोनी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	2.09	2.09	पूरा हो गया है
25		भारत में महत्वपूर्ण ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों के परिरक्षण और सारनाथ में धमेख स्तूप तथा कुशीनगर में महापरिनिर्वाण मंदिर के परिरक्षण का समर्थन।	वॉन्ग्युप लिमिटेड	49.89	49.89	पूरा हो गया है
26	**दिल्ली, उत्तर प्रदेश, ओड़िशा, महाराष्ट्र, गुजरात**	निम्नलिखित एएसआई स्मारकों में टर्नस्टाइल की स्थापना और कमीशनिंग: • लाल किला, दिल्ली • कुतुब मीनार, दिल्ली • हुमायूं का मकबरा, दिल्ली • पुराना किला, दिल्ली • ताज महल, आगरा • सूर्य मंदिर कोणार्क, ओडिशा • एलोरा की गुफाएँ, औरंगाबाद, महाराष्ट्र • बीबी का मकबरा, औरंगाबाद, महाराष्ट्र • शनिवारवाड़ा, पुणे	इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चरल फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल)	205.64	205.64	पूरा हो गया है